एक नजर में




### लक्ष्मीचंद बने पंचायत सचिव संगठन अध्यक्ष

**आष्टा.** पंचायत सचिव संगठन जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित बैठक में पंचायत सचिव लक्ष्मीचंद वर्मा को सर्वसम्मति से संगठन का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. ज्ञात हो कि वर्मा पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुके हैं. वर्मा को संगठन के विक्रम सिंह मेवाड़ा, मांगीलाल ठाकुर, बाबूलाल मालवीय, विक्रम सिंह, एलकारसिंह राजपूत, लखन वर्मा, रमेश सेन, गोपीलाल गुणवान, कमलसिंह प्रजापति, जगदीश पाटीदार, विजेंद्र गुप्ता, विनोद वर्मा, प्रमोद ठाकुर आदि ने बधाई दी.



### डॉ. पुष्पा कन्नौजिया को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**सीहोर.** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा समाज कल्याण, मानव सेवा एवं जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. पुष्पा कन्नौजिया को राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया. डॉ. पुष्पा लंबे समय से रक्तदान, नशामुक्ति अभियान, युवा सशक्तिकरण एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जैसे क्षेत्रों में भूमिका निभा रही हैं. राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने डॉ. पुष्पा कन्नौजिया को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया. उनके सम्मानित होने परसामाजिक एवं चिकित्सा क्षेत्र में खुशी का माहौल है.



### स्वास्थ्य केंद्रों में की 789 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर.** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिए प्रत्येक माह जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. अभियान के तहत 789 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 221 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई. सीएमएचओ डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं. इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच, दवाएं एवं परामर्श दिया जा रहा है.



### डीबीसीपीएल ने कराया बुजुर्गों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर.** देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड एवं बर्टिस फाउंडेशन की सीएसआर पहल ने मानवता और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया. बाईपास स्थित लसूड़िया परिहार पंचायत में आयोजित विशेष स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर उन असहाय, लाचार, आर्थिक रूप से कमजोर एवं अपने ही परिवार द्वारा उपेक्षित बुजुर्गों को समर्पित रहा, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था. इस संवेदनशील पहल के अंतर्गत अपोलो फाउंडेशन की टीम द्वारा प्रोजेक्ट निरामय के माध्यम से बुजुर्गों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. शिविर में नि:शुल्क दवा-वितरण, ब्लड प्रेशर एवं स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया. इस अवसर पर डीबीसीपीएल सीएसआर प्रबंधक, सरपंच वीरेन्द्र सिंह राजपूत, सूतापा मैत्री, आई तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. राहुल, डॉ. अर्पित भार्गव, डॉ. संदीप, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजू कैथवास आदि उपस्थित थे.



### श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**सीहोर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस मौके पर श्री सत्यसाई विश्वविद्यालय ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज के विधि संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया. कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं विधि संकाय की डीन डॉ. अमृता सोनी के सहयोग से विधि संकाय के छात्र-छात्राओं को इस ऐतिहासिक न्यायिक प्रक्रिया को निकट से देखने, समझने एवं उसमें सहभागी बनने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ. इस व्यावहारिक अनुभव ने विद्यार्थियों को न केवल वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रक्रिया से परिचित कराया. इस अवसर पर विधि संकाय की विभागाध्यक्ष शोभा व्यास एवं सहायक प्राध्यापक अधिवक्ता यशवर्धन तिवारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं अनिल मालवीय, पलक, अंजलि, दिव्या, प्रीति, मीना प्रसाद, हरिओम, उत्तरदीप, मेघा बैरागी एवं नीलेश चौहान आदि उपस्थित थे.

# सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहा विकास का महायज्ञ

## रविवार को भैरूंदा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जनता ने किया स्वागत

- भैरूंदा में पीएम ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ
- जिले में 165 करोड़ की लागत से बनेंगी 81 नई सड़कें

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ भैरूंदा 10 मई. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आज देश के गांवों के विकास का आधार बन गई है. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया है.**

मुख्यमंत्री डॉ यादव रविवार को भैरूंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV एवं पीएम जनमन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क बेहतर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है. आज गांवों तक सड़क पहुंचने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा हो रही है, बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं तथा मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं. उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना IV के अंतर्गत 973 नई सड़कों तथा पीएमजनमन योजना के अंतर्गत 168 नई सड़कों के निर्माण की सौगात मिल रही है, जो मध्यप्रदेश के गांवों के विकास के साथ-साथ मध्यप्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी. उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष रूप से जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई रोशनी पहुंचेगी. इन क्षेत्रों में सड़क संपर्क बेहतर होने से लोगों का जीवन आसान होगा तथा उन्हें रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी.



**भैरूंदा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़े अपार जनसैलाब को संबोधित किया.

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का मानना था कि भारत का उदय तब तक संभव नही, जब तक उसके गांवों का उदय नही होगा. उस समय सड़कों के अभाव में देश के लाखों गांव देश के बांकी हिस्सों से कटे हुए थे. अभी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत देश में 08 लाख 25 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों को मंजूरी मिली है, जिसमें 95 प्रतिशत सड़कें बनाई जा चुकी हैं. सड़कों के माध्यम से देश में 1 लाख 60 हजार ग्रामीण बस्तियों को जोड़ा जा चुका है.

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का प्रमुख उददेश्य गांव और शहर के बीच की दूरी को कम करना था. इस योजना के माध्यम से बनाई गई सड़कों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य गतिविधियों को बहुत ही सुलभ बना दिया है. यह योजना गांवों की समृद्धि का आधार बनी है. कार्यक्रम में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि भैरूंदा में हो रहे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिये आज प्रदेश को कई नई पक्की सड़कों की सौगात मिल रही है. प्रदेश में 1763 करोड़ रुपए की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण किया जाएगा.

कार्यक्रम से पहले हुए रोड़ शो के दौरान विभिन्न मंचों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का नागरिकों ने अभिनंदन किया. मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री ने नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, गोपाल सिंह इंजिनियर, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, खातेगांव विधायक अशीष शर्मा, कुरवई विधायक हरिसिंह सप्रे, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, रघुनाथ भाटी, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, श्रीमती निर्मला बारेला, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर, सीहोर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव आदि उपस्थित थे.

### कोई भी गरीब बिना घर के नहीं रहेगा : शिवराज

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है. मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास का महायज्ञ चल रहा है.उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि कोई भी गरीब बिना घर के नही रहेगा, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है. पीएम आवास योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ यादव को 2055 करोड़ का स्वीकृति पत्र सौंपा गया है, ताकि सभी गरीबों को अपना पक्का मकान मिल सके .मनरेगा योजना के अंतर्गत भी स्वीकृत राशि का पत्र सौंपा गया है. उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर आया है, जो प्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है. जिन किसानों का अभी सत्यापन नही हुआ है उनका शीघ्र सत्यापन किया जाएगा और सभी किसानों का गेंहू खरीदा जाएगा. कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भी वितरित कीं.

# प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों पर किया मंथन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 मई.** रविवार को भाजपा की मासिक जिला बैठक में आगामी 22 एवं 23 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई.

बैठक का शुभारंभ भाजपा संगठन के संभाग प्रभारी एवं नागदा विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और संगठन जिला प्रभारी विकास विरानी ने किया. अध्यक्ष मेवाड़ा ने जिले की संगठनात्मक संरचना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की. विकास विरानी ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने



दायित्वों और संगठनात्मक कार्यक्रमों की पूरी जानकारी होना आवश्यक है. मुख्य वक्ता डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक माह संगठन की बैठकें आयोजित की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी उपस्थित रहे.

# सीएम को ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसियों को रोका

- पैदल मार्च निकाल रहे कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद
- कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ही कांग्रेसियों को छोड़ा

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 10 मई.** रविवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसियों ने बस स्टैंड पर ही रोक लिया. सभी को बस में बैठाकर एसडीओपी आफिस ले जाया गया और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ही छोड़ा गया.

गौरतलब है कि रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल होने भैरूंदा आए थे. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने उन्हें विभिन्न समस्याओं व अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के लिए सीहोर नाके से आयोजन स्थल तक पैदल मार्च निकालना चाहा, लेकिन बस स्टैंड पर ही उन्हें एसडीओपी, थाना प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ रोक लिया और आगे नहीं बढ़ने दिया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने नारे लगाते हुए पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया. इसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को बस में बैठाया और एसडीओपी कार्यालय लाकर नजरबंद कर दिया. कांग्रेसी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश



का इजहार किया, लेकिन पुलिस द्वारा उन्हें सीएम का कार्यक्रम होने के बाद ही छोड़ा गया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं में द्वारका जाट, गोपाल शर्मा, संतोष गौर, संजय पटेल, राजेश पटेल, चंदर मीणा, संतोष शर्मा, राजकुमार मीणा, अजय पटेल, डीजे मीणा, दुर्गेश पंवार व अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे. हालांकि अधिकारियों ने उनसे ज्ञापन लेते हुए मुख्यमंत्री तक उसे पहुंचाने का आश्वासन जरूर दिया.

# तार चोरी के चार आरोपियों को दबोचा

- रामनगर मोलगा के बीच खंबे तोड़कर चुराए थे लाखों के तार
- पुलिस ने तार, हथियार और कार को किया जब्त

नवभारत न्यूज

**इछावर 10 मई.** पुलिस ने ग्राम रामनगर और मोलगा के बीच 11 केव्ही बिजली लाइन के खंभे तोड़कर तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 8 लाख रुपए कीमत का बिजली तार, घटना में प्रयुक्त हथियार तथा एक कार जब्त की है.

पुलिस के अनुसार सहायक यंत्री उपसंभाग इछावर विदुर दुबे ने 4 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मई की रात अज्ञात चोरों ने



रामनगर-मोलगा के बीच 11 केव्ही लाइन के 18 बिजली खंभे तोड़कर बिजली तार चोरी कर लिया है. पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में अयान खां, जेद हसन, राजेंद्र मेवाड़ा, राजा बामनिया शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों से बिजली तार, कटर, दरांता तथा घटना में प्रयुक्त वैन जब्त कर ली है.

### नगर सैनिक ने फांसी लगाकर दी जान

**दोराहा.** जिले से एक झकझोर देने वाली सूचना सामने आई है. यहां दोराहा थाने में पदस्थ एक नगर सैनिक ने अपने किराए के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद से पुलिस महकमे में शोक की लहर है.जानकारी के अनुसार दोराहा थाने में पदस्थ सैनिक जितेंद्र वर्मा ने रविवार को अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. बताया जाता है कि पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाईड नोट भी जब्त किया है. मामले में पुलिस का कहना है कि जांचोपरांत ही बताया जा सकेगा.

## अच्छा क्रिकेटर बनने अभ्यास जरूरी : राय

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 मई.** विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में पहुंची आदि इलेवन और सेठी इलेवन क्रिकेट टीमों के खिलाड़ी आंधी तूफान बारिश में उलझकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने में नाकाम रहे. विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजनकर्ताओं और दोनों क्रिकेट टीमों के कप्तानों के बीच पुरस्कार वितरण को लेकर हल्की नोक झोंक हुई. आखिर विधायक सुदेश राय के निर्देश पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक आकाश पंपु वर्मा द्वारा दोनों टीमों को विजेता घोषित कर दिया गया.

ग्राम बिजोरी में शनिवार रात विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में भाजपा जिला मंत्री दिनेश मेवाड़ा, पार्षद विशाल राठौर, जनपद सदस्य जितेंद्र वर्मा मंडल महामंत्री हरीश चौधरी की विशेष उपस्थिति में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक आकाश पंपु वर्मा और सदस्यों ने आदि इलेवन और सेठी इलेवन क्रिकेट टीमों के कप्तानों और नाइट टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों को शील्ड मेडल ट्रॉफी नगद राशि के साथ पुरस्कार प्रदान किए. विधायक सुदेश राय के विशेष संरक्षण में बिजोरी ग्राम पंचायत में आयोजित विधायक कप नाइट टूर्नामेंट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीते दिनों समाजसेवी अखिलेश राय और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अजय पटेल की विशेष उपस्थिति में किया गया था.

**लोक अदालत** ▶ कुटुंब न्यायालय ने सालों से अलग रहने वाले दंपतियों को मिलाया

# 7 घंटे में 4119 प्रकरणों का निराकरण, 6 .61 करोड़ राजस्व वसूली

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 मई.** जिलेभर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई. जिले में कुल 24 खंडपीठ का गठन किया गया था इनमें 7 घंटे के दौरान कुल 4119 प्रकरणों का निराकरण किया गया. खास बात यह है कि इन प्रकरणों में कुल 6 करोड़ 61 लाख 41 हजार 847 रुपए का राजस्व भी वसूला गया. कुटुंब न्यायालय में सालों से अलग रह रहे दंपत्ति न्यायाधीश और अभिभाषकों ने समझाईश पर एक साथ रहने को तैयार हुए.

नेशनल लोग अदालत में कुल 11 हजार 900 प्रकरण शामिल किए गए थे. इस दौरान अलग-अलग खंडपीठ में आपसी समझौते के आधार पर 1866 प्रकरणों का निराकरण किया गया और समझौता राशि 3 करोड़ 64 लाख 62 हजार 779 रुपए जमा करवाई गई. लोक अदालत में कुल 2 हजार 253 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया और समझौता राशि 2 करोड़ 96 लाख 79 हजार 68 रुपए जमा करवाई गई. लोक अदालत कर शुभारंभ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने ऑनलाइन माध्यम से किया. जिसके बाद प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने बिजली कंपनी, नगर पालिका सहित अन्य सभी स्टॉल पर जाकर निरीक्षण भी किया

कुटुंब न्यायालय में एक दंपत्ती का मामला विचाराधीन था. आवेदिका पिंकी शादी 2017 में हुई थी और उसके पति मोहन द्वारा छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा किया जाता था. उनके दो बच्चे भी हैं, लेकिन इसके बाद भी वे दोनों अलग-अलग रहने लगे. प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने दोनों पक्षों को समझाईश दी, जिसके बाद वे दोनों साथ-साथ रहने को राजी हो गए. इसी तरह एक अन्य मामले में सोहेब ने अपनी पत्नी को शादी के 6 महीने बाद ही छोड़ दिया था. जिसके बाद मामले कुटूंब न्यायालय में विचाराधीन था. प्रधान न्यायाधीश की समझाईश के बाद दोनों पक्ष साथ-साथ रहने को तैयार हुए.

लोक अदालत में पीड़िता 70 वर्षीय सलमा अंसारी को भी राहत मिली है. उनके घर का कई



सालों से बिजली बिल जमा नहीं होने से बिजली कंपनी ने उन्हें 1 लाख रुपए का बिल थमा दिया. पीड़िता बिजली कार्यालय पहुंची लेकिन वहां भी बिल की राशि कम नहीं हुई. ऐसे में सलमा ने लोक अदालत का दरवाजा खटखटाया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह ने सहानुभूति दिखाते हुए बिजली कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर बिल राशि में अधिकतम छूट दिलाते हुए 54 हजार रुपए करवाया. यही नहीं सलमा बी को यह राशि किस्तों में चुकाने की सुविधा भी दी गई है.

### 16 कंपनियां करेंगी 1610 पदों पर भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 12 मई को महिला आईटीआई संस्थान में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. रोजगार में मेले में लगभग 16 कंपनियों द्वारा 1610 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इसी प्रकार जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे. आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा.